GEOGRAPHY

Paper I : Physical Geography

नोट—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

1. वायुदाब मापने की इकाई क्या है ?
(अ) डिग्री (ब) मीटर (स) आइसोबार (द) हेक्टा पास्कल।

2. निम्नलिखित में से किसने पारिस्थितिकी की संकल्पना की व्याख्या की ?
(अ) टांसले (ब) हार्वे (स) डार्विन (द) टेलर।

3. निम्नलिखित में जीवमण्डल का घटक कौन नहीं है ?
(अ) वायुमण्डल (ब) जलमण्डल (स) स्थलमण्डल (द) सौरमण्डल।

4. वायुमण्डल में सर्वाधिक मात्रा किस गैस की होती है ?
(अ) ऑक्सीजन (ब) कार्बन डाइऑक्साइड
(स) आर्गन (द) नाइट्रोजन।

5. निम्नलिखित में जैव भूगोल की शाखा कौन-सी है ?
(अ) औद्योगिक भूगोल (ब) अधिवास भूगोल
(स) कृषि भूगोल (द) पादप भूगोल।

6. निम्नलिखित में से कौन-सा बायोम नहीं है ?
(अ) वन प्रदेश (ब) औद्योगिक प्रदेश (स) मरुस्थल (द) घास स्थल।

7. वेलाश ने विश्व के कितने प्राणि-भौगोलिक प्रदेशों में विभाजित किया है ?
(अ) 6 (ब) 4 (स) 10 (द) 12.

8. जीवों की उत्पत्ति का सिद्धान्त निम्नलिखित में से किस विद्वान् ने प्रतिपादित किया ?
(अ) क्रिस्टालर (ब) डार्विन (स) टान्सले (द) हार्वे।

9. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में समोदभिदों की बहुलता होती है ?
(अ) उष्ण कटिबन्धीय प्रदेश (ब) उपध्रुवीय प्रदेश
(स) शीतोष्ण प्रदेश (द) ध्रुवीय प्रदेश।

10. पौधों को उनकी वृद्धि जरूरतों को पूरा करने के लिए कितने आवश्यक पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है ?
(अ) 24 (ब) 22 (स) 20 (द) 18.

11. टेरारोसा क्या है ?
(अ) घास (ब) मृदा (स) मछली (द) चाय।

12. "मुझे पदार्थ दो, मैं पृथ्वी की उत्पत्ति कर दिखाऊँगा।" यह किसका कथन है ?
(अ) काण्ट (ब) लाप्लास (स) बफन (द) रोशे।

13. सौरमण्डल का मुखिया कौन है ?
(अ) पृथ्वी (ब) सूर्य (स) ब्रह्माण्ड (द) शनि।

14. पृथ्वी के सूर्य की औसत दूरी क्या है ?
(अ) 1·49 करोड़ किमी (ब) 149·8 करोड़ किमी

http://www.dbrauonline.com
http://www.dbrauonline.com

(स) 14·98 करोड़ किमी (द) 19·48 करोड़ किमी।

15. सूर्य का निकटतम ग्रह कौन-सा है ?

(अ) शुक्र (ब) बुध (स) मंगल (द) पृथ्वी।

16. सौरमण्डल का वृहत्तम ग्रह कौन-सा है ?

(अ) पृथ्वी (ब) शनि (स) बृहस्पति (द) मंगल।

17. सूर्य से अधिकतम दूर स्थित ग्रह कौन-सा है ?

(अ) शनि (ब) अरुण (स) वरुण (द) यम।

18. निहारिका परिकल्पना किसने प्रतिपादित की ?

(अ) लाप्लास (ब) काण्ट (स) जीन्स (द) लिटिलटन

19. वर्तमान में भूवैज्ञानिक काल कौन-सा है ?

(अ) इयोसीन (ब) ओलिगोसीन (स) मायोसीन (द) होलोसीन।

20. पृथ्वी के केन्द्रीय भाग को कहते हैं—

(अ) सियाल (ब) निफे (स) सिमा (द) इनमें से कोई नहीं।

21. 'सीमा' परत में प्रधानता होती है—

(अ) सिलिका + मैंगनीज (ब) सिलिका + माइका

(स) सिलिका + मैग्नीशियम (द) सिल्वर + मैंगनीज।

22. भूकम्प का सर्वाधिक प्रभाव किस स्थान पर होता है ?

(अ) भूकम्प केन्द्र (ब) भूकम्प मूल

(स) भूकम्प केन्द्र की विपरीत दिशा में (द) पृथ्वी की सतह।

23. चतुष्फलक सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(अ) वेगनर (ब) डेली (स) लोथियन ग्रीन (द) होम्स।

24. वेगनर के अनुसार पेंजिया का विभाजन किस युग में हुआ ?

(अ) पर्मियन (ब) क्रिटेशियस (स) कार्बोनीफिरेस (द) प्लीस्टोसीन।

25. 'भूसन्तुलन' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?

(अ) एयरी (ब) प्राट (स) डूटन (द) जौली।

26. संगमरमर उदाहरण है—

(अ) आग्नेय चट्टान का (ब) कायान्तरित चट्टान का

(स) अवसादी चट्टान का (द) इनमें से किसी का नहीं।

27. 'स्थलाकृति संरचना, प्रक्रम एवं अवस्था का परिणाम होती है।' यह किसका कथन है ?

(अ) डेली (ब) जौली (स) डेविस (द) कोबर।

28. अपरदन चक्र की संकल्पना सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत की ?

(अ) थार्नबरी (ब) जेम्स हटन (स) पेंक (द) डेविस।

29. शुष्क प्रदेशों में अर्द्धचन्द्राकार निक्षेप वाली स्थलाकृति को कहते हैं—

(अ) हमादा (ब) बरखान (स) सीफ (द) ड्रास।

30. अपरदन के किस कारक द्वारा ज्यूजेन का निर्माण होता है ?

(अ) नदी (ब) हिमनद (स) वायु (द) भूमिगत जल।

31. अपरदन के किस कारक द्वारा इन्सेलबर्ग का निर्माण होता है ?

(अ) नदी (ब) भूमिगत जल (स) वायु (द) हिमनद।

32. भौतिक भूगोल में निम्नलिखित में से किसका अध्ययन किया जाता है ?

(अ) स्थलमण्डल (ब) वायुमण्डल (स) जलमण्डल (द) उपर्युक्त सभी।

33. निम्नलिखित में से किस युग को कोयला युग कहा जाता है ?

(अ) पर्मियन (ब) कार्बोनीफेरस (स) ट्रायसिक (द) क्रिटेशियस।

34. भूगर्भ में लहरदार रूप में लावा जमाव से निर्मित आकृति कहलाती है—

(अ) फैकोलिथ (ब) लैकोलिथ (स) बैथोलिथ (द) डाइक।

http://www.dbrauonline.com
http://www.dbrauonline.com

है ? ... ... ज्वालामुखी को भूमध्य सागर का 'प्रकाश स्तम्भ' कहा जाता

(अ) एटना (ब) स्ट्राम्बोली (स) विसूवियस (द) क्राकाटाओ।

36. मोड़दार पर्वत का उदाहरण है—

(अ) अरावली (ब) हिमालय (स) हार्स्ट (द) ब्लैक फारेस्ट।

37. भूपटल को प्रभावित करने वाली अन्तर्जात शक्तियों में कौन सम्मिलित नहीं है ?

(अ) महाद्वीप निर्माणकारी बल (ब) पर्वत निर्माणकारी बल

(स) अनाच्छादन (द) सम्पीड़न।

38. भू-अभिनति की संकल्पना किसने प्रस्तुत की ?

(अ) हाग (ब) डाना (स) कोबर (द) होम्स।

39. निम्नलिखित में से कौन-सा भूदृश्य भ्रंश क्रिया द्वारा निर्मित होता है ?

(अ) रिफ्ट घाटी (ब) भ्रंश कगार (स) भ्रंसोत्थ (द) उपर्युक्त सभी।

40. निम्नलिखित में कौन-सा अपरदन का कारक नहीं है ?

(अ) प्रवाही जल (ब) पवन (स) सागरीय लहरें (द) टालस शंकु।

41. निम्नलिखित स्थलाकृतियों में से कौन भूमिगत जल द्वारा निर्मित नहीं है ?

(अ) लेपीज (ब) कार्स्ट खिड़की (स) इन्सेलबर्ग (द) युवाला।

42. ड्रमलिन स्थलाकृति का निर्माण हिमानी के किस कार्य से होता है ?

(अ) अपरदनात्मक कार्य (ब) परिवहन कार्य

(स) निक्षेपात्मक कार्य (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

43. निम्नलिखित में कौन निम्न अक्षांशों में स्थित नहीं है ?

(अ) कालाहारी (ब) सहारा (स) अटाकामा (द) ग्रीनलैण्ड।

44. मरुस्थलीय स्थलाकृतियों में निम्नलिखित में से कौन-सी अपरदन द्वारा निर्मित नहीं है ?

(अ) अपवाह बेसिन (ब) बालुका स्तूप (स) छत्रक शिला (द) ज्यूज़ेन।

45. समप्राय मैदान चक्र की संकल्पना किसने प्रस्तुत की ?

(अ) जेम्स हटन (ब) क्रिकमे (स) पोल्टियर (द) डब्ल्यू. एम. डेविस।

46. हिमानी अपरदन द्वारा निर्मित झील कौन-सी है ?

(अ) गोखुर झील (ब) भ्रंश झील (स) सर्क झील (द) रैफ्ट झील।

47. भौतिक अपक्षय का निम्नलिखित में से कौन-सा कारण नहीं है ?

(अ) ताप (ब) तुषार (स) जलयोजन (द) ताप एवं वायु।

48. पृथ्वी की सतह पर अपरदन का सबसे महत्वपूर्ण कारक कौन है ?

(अ) पवन (ब) हिमानी (स) भूमिगत जल (द) प्रवाहित जल।

49. नदियों के अपवाह बेसिन को पृथक् करने वाली उच्चभूमि कहलाती है—

(अ) पर्वत (ब) घाटी (स) जलविभाजक (द) अपवाह तन्त्र।

50. सरिता अपहरण कहाँ होती है ?

(अ) मैदान में (ब) पठार में (स) पर्वतीय क्षेत्र में (द) डेल्टाई क्षेत्र में।

51. गार्ज का निर्माण किस अवस्था में होता है ?

(अ) युवावस्था (ब) प्रौढ़ावस्था (स) वृद्धावस्था (द) पुनर्नवीन अवस्था।

52. निक्षेपात्मक स्थलाकृति कौन-सी नहीं है ?

(अ) जलोढ़ पंख (ब) जलोढ़ शंकु (स) बाढ़ का मैदान (द) नदी वेदिका।

53. कार्स्ट स्थलाकृति किस कारक की उपज है ?

(अ) पवन (ब) हिमानी (स) भूमिगत जल (द) इनमें से कोई नहीं।

54. तट के समानान्तर प्रवाहित होने वाली धारा कहलाती है—

(अ) वेलांचली धारा (ब) तरंगिका (स) अध:प्रवाह (द) प्रतोड़न रेखा।

http://www.dbrauonline.com

http://www.dbrauonline.com

55. लहरों का सर्वाधिक ऊँचा उठा भाग क्या कहलाता है ?
(अ) गर्त (ब) शीर्ष (स) तरंग लम्बाई (द) इनमें से कोई नहीं।
56. प्राकृतिक महराब का निर्माण किस कारक द्वारा होता है ?
(अ) प्रवाहित जल (ब) हिमानी (स) भूमिगत जल (द) समुद्री जल।
57. कार्स्ट प्रदेश में तारा सदृश स्थलाकृति को क्या कहते हैं ?
(अ) कोन कार्स्ट (ब) पोलीगोनल कार्स्ट (स) काकपिट (द) टावर।
58. निम्नलिखित में समुद्री लहरों द्वारा निक्षेपात्मक आकृति कौन नहीं है ?
(अ) पुलिन (ब) रोधिका तथा रोप (स) अपतट रोधिका (द) स्टैक।
59. रेगिस्तानी भागों में पर्वतों से घिरे बेसिन को कहते हैं—
(अ) उत्खात स्थलाकृति (ब) प्लेया (स) बजादा (द) पेडीमेण्ट।
60. समुद्र विज्ञान एक शाखा है—
(अ) मानव भूगोल की (ब) जलवायु विज्ञान की
(स) प्रादेशिक भूगोल की (द) भौतिक भूगोल की।
61. सर्वाधिक गहरा महासागर कौन-सा है ?
(अ) अटलांटिक (ब) आर्कटिक (स) हिन्द (द) प्रशान्त।
62. महासागरों का सर्वाधिक गहरा गर्त कौन-सा है ?
(अ) टोंगा (ब) मेरियाना (स) चैलेन्जर (द) क्यूराइल।
63. अन्तःसमुद्री खड्ड पाये जाते हैं—
(अ) महाद्वीपीय निमग्न तट पर (ब) महाद्वीपीय ढाल पर
(स) गहन सागर तल पर (द) महाद्वीपीय उभार पर।
64. महासागरीय सतह के जल का औसत तापमान क्या है ?
(अ) 22° से. (ब) 15·5° से. (स) 26·07° से. (द) 18·6° से.।
65. किस सागर की लवणता सर्वाधिक है ?
(अ) लाल सागर (ब) भूमध्य सागर (स) कैस्पियन सागर (द) मृत सागर।
66. निम्नलिखित में से कौन महासागरीय स्थलीय निक्षेप नहीं है ?
(अ) बजरी (ब) रेत
(स) सिल्ट, मृतिका व पंक (द) लावा।
67. भूमध्यरेखीय प्रदेशों में प्रवाल भित्तियों की अनुपस्थिति का मुख्य कारण क्या है ?
(अ) उच्च ताप (ब) अधिक वर्षा (स) चूने की कमी (द) उपर्युक्त सभी।
68. प्रवाल भित्ति का विकास किस गहराई तक होता है ?
(अ) 50-60 मीटर (ब) 100-200 मीटर (स) 200-500 मीटर (द) 500-1000 मीटर।
69. निम्नलिखित में से किस विद्वान् ने प्रवालभित्ति की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अवतलन सिद्धान्त प्रस्तुत किया ?
(अ) अगासीज (ब) मरे (स) डार्विन (द) गार्डिनर।
70. महाद्वीपीय निमग्नतट की औसत गहराई क्या है ?
(अ) 100 फैदम (ब) 300 फैदम (स) 200 फैदम (द) 400 फैदम।
71. कारपेन्टर कटक किस महासागर में स्थित है ?
(अ) अन्ध महासागर (ब) प्रशान्त महासागर
(स) हिन्द महासागर (द) आर्कटिक महासागर।
72. निम्नलिखित महासागरीय निक्षेप में कौन-सा चूना प्रधान ऊज है ?
(अ) टेरोपाड (ब) लाल पंक
(स) रेडियोलेरियन ऊज (द) डायटम ऊज।
73. निम्नलिखित महासागरों में से किसमें महासागरीय गर्तों की संख्या अधिकतम है ?
(अ) हिन्द महासागर (ब) आर्कटिक महासागर

http://www.dbrauonline.com
http://www.dbrauonline.com

(स) प्रशान्त महासागर (द) अन्ध महासागर।

74. निम्नलिखित क्षेत्रों में अधिकतम सागरीय प्रवणता कहाँ पायी जाती है ?
(अ) भूमध्य रेखा के निकट (ब) नदियों के मुहानों के निकट
(स) ध्रुवों के निकट (द) कर्क एवं मकर रेखाओं के क्षेत्र में।

75. ज्वार की उत्पत्ति पर निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिण्ड का प्रभाव प्रमुख है ?
(अ) सूर्य (ब) चन्द्रमा (स) मंगल (द) शुक्र।

76. निम्नलिखित में कौन-सी एक ठण्डी धारा नहीं है ?
(अ) कनारी (ब) लैब्रेडोर (स) फाकलैण्ड (द) गल्फस्ट्रीम।

77. निम्नलिखित में कौन एक उत्तरी प्रशान्त महासागर की धारा नहीं है ?
(अ) क्युरोशिवो (ब) अलास्का (स) पीरू (द) कैलीफोर्निया।

78. सारगैसी क्या है ?
(अ) एक आन्तरिक सागर (ब) धाराओं का एक गोलाकार क्रम
(स) एक द्वीप (द) एक वनस्पति।

79. निम्नलिखित में कौन-सी एक गैर-परम्परागत ऊर्जा नहीं है ?
(अ) ज्वारीय ऊर्जा (ब) तरंग ऊर्जा (स) बायोमास ऊर्जा (द) खनिज तेल।

80. समुद्री जल की लवणता किस इकाई में व्यक्त की जाती है ?
(अ) प्रतिशत (ब) प्रति हजार (स) डिग्री (द) मीटर।

81. क्षोभमण्डल में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान की गिरावट को क्या कहते हैं ?
(अ) ह्रास दर (ब) रुद्धोष्म दर (स) ताप दर (द) तापीय क्षति।

82. वायुमण्डल का सबसे ऊपरी भाग कौन है ?
(अ) ओजोन मण्डल (ब) आयन मण्डल
(स) आयतन मण्डल (द) क्षोभ मण्डल।

83. पृथ्वी से सूर्य की औसत दूरी कितनी है ?
(अ) 9,45,00,000 मील (ब) 9,15,00,000 मील
(स) 9,30,00,000 मील (द) 9,50,00,000 मील।

84. पृथ्वी से सूर्य की अधिकतम दूरी वाली स्थिति को कहते हैं—
(अ) उपसौर (ब) अपसौर (स) अपभू (द) उपभू।

85. क्षोभमण्डल की अधिकतम ऊँचाई क्या है ?
(अ) 25-30 किमी (ब) 50-80 किमी (स) 80-640 किमी (द) 17 किमी।

86. ऊँचाई में वृद्धि के साथ तापमान में वृद्धि को क्या कहते हैं ?
(अ) व्युति दर (ब) रुद्धोष्म दर (स) ताप व्युत्क्रमण (द) सामान्य दर।

87. निम्नलिखित में कौन-सी स्थानीय शीत पवन है ?
(अ) चिनुक (ब) बोरा (स) फान (द) खामसिन।

88. वृष्टि पोषित एवं वृष्टि छाया क्षेत्र विशेषता है—
(अ) चक्रवातीय वर्षा की (ब) संवाहनीय वर्षा की
(स) तापीय वर्षा की (द) पर्वतकृत वर्षा की।

89. भारत में 2014 में निम्नलिखित में से कौन-सा चक्रवात आया था ?
(अ) हुदहुद (ब) किवारू (स) नीलोफर (द) लहर।

90. पवन प्रवाह नियन्त्रित होता है—
(अ) पवन वेग द्वारा (ब) पवन दिशा द्वारा
(ब) दाब प्रवणता द्वारा (द) तापमान विभिन्नता द्वारा।

91. पृथ्वी के घूर्णन के कारण होने वाला पवन विचलन क्या कहलाता है ?
(अ) भूविक्षेपी पवन (ब) स्थायी या ग्रहीय हवाएँ

http://www.dbrauonline.com
http://www.dbrauonline.com

(स) आकस्मिक पवन (द) बलात् पवन।

92. निम्नलिखित में कौन-सी वायुमण्डल की परत नहीं है ?

(अ) क्षोभमण्डल (ब) समताप मण्डल

(स) ओजोन मण्डल (द) विकिरण मण्डल।

93. उपसौर और अपसौर का निर्धारण कैसे किया जाता है ?

(अ) सौर कलंक से (ब) पृथ्वी से सूर्य की दूरी द्वारा

(स) सौर्य विकिरण की अवधि से (द) वायुमण्डल की पारदर्शिता से।

94. सूर्यताप की सर्वाधिक प्राप्ति किस कटिबन्ध में होती है ?

(अ) शीतोष्ण कटिबन्ध (ब) शीत कटिबन्ध

(स) उष्ण कटिबन्ध (द) ध्रुवों पर।

95. उपोष्ण उच्चदाब की पेटी किन अक्षांशों के मध्य पायी जाती है ?

(अ) 5° उत्तर–5° दक्षिण (ब) 30-35° उत्तरी तथा दक्षिणी

(स) 60-65° उत्तरी तथा दक्षिणी (द) ध्रुवों पर।

96. 'डोलड्रम' किस क्षेत्र में घटित होता है ?

(अ) 5° से 5° दक्षिण (ब) 30-35° उत्तरी एवं दक्षिणी

(स) 60-65° उत्तरी तथा दक्षिणी (द) ध्रुवों पर।

97. 'रक्तवर्षा' निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(अ) मिस्ट्रल (ब) बोरा (स) ब्लिजर्ड (द) सिराको।

98. समुद्र तल पर मानक वायुदाब कितना होता है ?

(अ) 1013·25 मि. बार (ब) 1010·25 मि. बार

(स) 1015·25 लि. बार (द) 1017·25 मि. बार।

99. पक्षाभ मेघ निम्नलिखित में से किस ऊँचाई पर पाये जाते हैं ?

(अ) 1·0-1·5 किमी (ब) 1·5-3·0 किमी

(स) 4·0-6·0 किमी (द) 8·0-14·0 किमी।

100. वायुमण्डल को कौन-सी परत पृथ्वी के सबसे निकट है ?

(अ) ओजोन मण्डल (ब) क्षोभमण्डल

(स) मध्य मण्डल (द) ताप मण्डल।

http://www.dbrauonline.com

http://www.dbrauonline.com